# डिफेंस कारिडोर : जमीन के मूल्यांकन के लिए टीम तय

**जासं, लखनऊ** : राजधानी में स्थापित होने वाले डिफेंस इंडस्ट्रियल कारिडोर परियोजना के लिए ग्राम भटगांव की प्रस्तावित भूमि के अधिग्रहण मामले में मूल्यांकन के लिए जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने पांच सदस्यीय टीम गठित की है। यह टीम चिह्नित की गई जमीन का मूल्यांकन कर वहां के किसानों से बातचीत करेगी। इस संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश जारी कर दो महीने में रिपोर्ट देने के लिए कहा है।

मूल्यांकन के लिए बनी टीम में लवि के समाज कार्य विभाग के हेड प्रो. एके भारतीय, समाजशास्त्र विभाग के डा. पवन कुमार मिश्रा, डीएवी कालेज के समाज शास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रो. मणिंद्र कुमार तिवारी, डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. रुपेश कुमार सिंह, लखनऊ विकास प्राधिकरण के उप जिलाधिकारी यूपीडा के साथ हरौनी के पंचायत प्रतिनिधि राम चंद्र और भटगांव के पंचायत सदस्य रवि वर्मा शामिल हैं।

**नामित एजेंसी दे चुकी है रिपोर्ट** : टीम में शामिल डा. पवन कुमार मिश्रा ने बताया कि 2013 में संसद में एक एक्ट पास किया था, जिसके अंतर्गत किसी भी प्रोजेक्ट के लिए अधिग्रहित की जाने वाली जमीन के लिए सामाजिक समाघात निर्धारण किया जाना जरूरी है। इसमें यह देखा जाता है कि जमीन के मालिक पर कोई प्रतिकूल सामाजिक प्रभाव न पड़ रहा हो। उसकी सहमति है या नहीं, मुआवजा पर्याप्त है या नहीं। इसके मूल्यांकन के लिए वैज्ञानिकों की टीम मूल्यांकन करने जाती है। जल्द ही टीम डिफेंस कारीडोर के लिए प्रस्तावित जमीन का मूल्यांकन कर वहां किसानों से बातचीत करेगी। गौरतलब है कि जियोग्रीन इन्वायरो हाउस प्राइवेट लिमिडेट को सामाजिक समाघात निर्धारण के लिए प्राधिकृत किया गया है।